# बहुधा पूछे गए प्रश्न (प्रश्न) – सुगम्य भारत ऐप

1. ***सुगम्य भारत ऐप का उद्देश्य क्या है?***

सुगम्य भारत ऐप — एक क्राउडसोर्सिंग मोबाइल एप्लीकेशन, जो भारत में निर्मित वातावरण, परिवहन क्षेत्र और आईसीटी पारिस्थितिकी तंत्र में सुगम्यता बढ़ाने और संवेदीकरण का एक साधन है। जन-भागीदारी पर आधारित इस क्राउडसोर्सिंग ऐप के लिए विजन और दिशा को माननीय प्रधानमंत्री ने दिव्यांगजनों और आम जनता को सक्षम बनाने के लिए दिया था ताकि वे सुगम्यता से संबंधित ऐसे मुद्दों को ध्यान में ला सकें जिसके समाधान की आवश्यकता है ।

2. **सुगम्य भारत ऐप की विशेषताएँ क्या हैं** ?

सुगम्य भारत ऐप में कई यूजर फ्रेंडली फीचर्स दिए गए हैं । ऐप में आसान ड्रॉप-डाउन मेनू है और इसके साथ उपयोगकर्ताओं द्वारा पंजीकरण तथा तस्वीरों के साथ शिकायत अपलोड करने की प्रक्रिया दर्शाता हुआ वीडियो हिंदी और अंग्रेजी में प्रदान किया गया है । ऐप को फॉन्ट आकार समायोजन, कलर कंट्रास्टिंग विकल्प, टेक्स्ट टू स्पीच और हिंदी और साथ ही अंग्रेजी में एक इंटीग्रेटेड स्क्रीन रीडर जैसी सुविधाओं के साथ दिव्यांगजनों के लिए उपयोग में आसानी के लिए सुगम्य बनाया गया है। यह 10 भाषाओं में उपलब्ध है। ऐप में परिसर के जियो टैगिंग विकल्प के साथ सुगम्यता इन्टरवेंशन की आवश्यकता वाली जगह के लिए आसान फोटो अपलोड का भी प्रावधान है । ऐप में रजिस्ट्रेशन के समय उपयोगकर्ताओं को नोटिफिकेशन देने, शिकायत को उपयुक्त प्राधिकारियों को अग्रेषित करने के साथ-साथ समाधान और शिकायत को बंद करने के समय स्थिति अद्यतन (स्टेटस अपडेट) का प्रावधान है ।

3. **कौन लोग सुगम्य भारत ऐप पर मुद्दे दर्ज कर सकते हैं**?

भारत में सुगम्य से संबंधित समस्या या मुद्दे का सामना कर रहा कोई भी व्यक्ति सुगम्य भारत ऐप पर अपने मामलों /शिकायतों को उठा सकता है । दिव्यांगजनों द्वारा कोविड19 से संबंधित मुद्दों को भी दर्ज किया जा सकता है।

4. **क्या दिव्यांगता से संबंधित कोई भी समस्या सुगम्य भारत ऐप पर दर्ज की जा सकती है**?

जी नहीं । सुगम्य भारत ऐप पर केवल भवनों, परिवहन प्रणाली और आईसीटी (वेबसाइटों और टीवी देखने) से संबंधित सुगम्यता से संबंधित मुद्दे दर्ज किए जा सकते हैं । इसके अलावा कोविड से संबंधित महामारी के मुद्दों के कारण एक विशेष सुविधा के रूप में भी केवल दिव्यांगजनों द्वारा कोविड19 से संबंधित मुद्दों को भी दर्ज किया जा सकता है।

5. **क्या फोटो अपलोड करना अनिवार्य है**?

   नहीं । फोटो अपलोड करना अनिवार्य नहीं है। हालांकि, इस मुद्दे को बेहतर तरीके से समझने के लिए इसकी सिफारिश की जाती है। यह भी सलाह दी जाती है कि  उपयुक्त प्राधिकारी द्वारा निराकरण किए जा रहे मुद्दे की बेहतर समझ के लिए उपयोगकर्ता उठाये जा रहे मुद्दे के लिए इस सुविधा को जियोटैग करे तथा मुद्दे का स्पष्ट विवरण प्रदान करे ।

6. **क्या दृष्टिबाधितों के उपयोग के लिए मोबाइल ऐप सुगम्य है**?

   हाँ । मोबाइल ऐप को सुगम्य बनाया गया है और इसका उपयोग दृष्टिबाधित लोग आसानी से कर सकते हैं। यह इस तथ्य के कारण है, कि सुगम्य भारत ऐप में टेक्स्ट टू स्पीच, फॉन्ट साइज एडजस्टमेंट, कलर कंट्रास्ट ऑप्शन आदि जैसी विशेषताओं को शामिल किया गया है ।

7. **क्या यह मोबाइल ऐप सुगम्य है**? **इसकी सुगम्यता की विशेषताएं क्या हैं**?

   हाँ, ऐप को फॉन्ट आकार समायोजन, कलर कंट्रास्टिंग विकल्प, टेक्स्ट टू स्पीच और हिंदी और अंग्रेजी में एक इंटीग्रेटेड स्क्रीन रीडर जैसी सुविधाओं के साथ दिव्यांगजनों के लिए उपयोग में आसानी के लिए सुगम्य बनाया गया है।

8. **दर्ज किये गए मुद्दों के समाधान के लिए वांछित कार्य किसके द्वारा किया जायेगा**?

   डीईपीडब्ल्यूडी ने दिव्यांगों को उनकी सुगम्यता से संबंधित मुद्दों को दर्ज करने के लिए सशक्त बनाने हेतु सुगम्य भारत ऐप को एक उपकरण (टूल) बनाया है, जिसके तहत मुद्दों को डीईपीडब्ल्यूडी की सुगम्य भारत ऐप पीएमयू टीम द्वारा केंद्र/राज्य/संघ राज्य क्षेत्र/जिला सरकारों में उपयुक्त प्राधिकरणों को भेजा जाएगा, जो समस्या के समाधान के लिए आवश्यक कार्रवाई करने के लिए जिम्मेदार होंगे।

9. **क्या उपयोगकर्ताओं के लिए 'सुगम्य भारत ऐप का उपयोग कैसे करें' सीखने के लिए कोई मॉड्यूल तैयार किया गया है**?

   जी हाँ । अंग्रेजी और हिंदी में ऐप का उपयोग करने की प्रक्रिया को समझाते हुए एक वॉकथ्रू वीडियो https://www.youtube.com/channel/UCU589RvbLvA7ZbJh3bKNtJw पर देखा जा सकता है। उपयोगकर्ता इस लर्निंग वीडियो को मोबाइल ऐप में भी देख सकते हैं। प्रदर्शन वीडियो में सांकेतिक भाषा की व्याख्या भी दी गई है।

10. **क्या मोबाइल ऐप निःशुल्क है**?

    जी हाँ। मोबाइल ऐप उपयोगकर्ताओं के लिए बिल्कुल निःशुल्क है।

11. **क्या आई ओ एस** ( IoS )**उपयोगकर्ताओं के लिए मोबाइल ऐप उपलब्ध है**?

    जी हाँ । **आई ओ एस** ( IoS ) आधारित ऐप *https://apps.apple.com/in/app/sugamya-bharat-app/id1545729465* पर डाउनलोड किया जा सकता है। एंड्रॉइड संस्करण https://play.google.com/store/apps/details?id=com.geostat.sugamyabharatMOH&hl=en_IN&gl=US पर डाउनलोड किया जा सकता है।

12. **क्या असुगम्यता की तस्वीरें गैलरी से अपलोड की जा सकती हैं या किसी को उस स्थान पर ही होना चाहिए**?

    उपयोगकर्ता को फोटो अपलोड करने के दोनों विकल्प उपलब्ध कराए गए हैं। उपयोगकर्ता गैलरी से सीधे फोटो अपलोड कर सकते हैं या सुगम्य भारत ऐप का इस्तेमाल कर (स्थान) लोकेशन पर पिक्चर ले सकते हैं ।

13. **क्या कोई ऐप में सुगम्यता सम्बन्धी दिशानिर्देशों का संदर्भ प्राप्त सकता है**?

    हां, दिव्यांगजन अधिकार (आरपीडब्ल्यूडी) अधिनियम, 2016 के तहत अधिसूचित दिशा-निर्देश 'दिशानिर्देश और परिपत्र' के तहत अपलोड किए गए हैं।

14. **क्या कोई ऐप पर सुगम्यता के बारे में भी जान सकता है कि सही सुविधा क्या होनी चाहिए**?

हाँ । शिकायत फॉर्म में ही ' क्या आप जानते हैं?' पॉप-अप फीचर डाल कर सुगम्यता के बारे में ऐप उपयोगकर्ताओं को शिक्षित करके उन्हें संवेदीकृत करने का प्रावधान किया गया है । ऐप पर संबंधित मंत्रालयों/विभागों द्वारा जारी किए गए सुगम्यता से संबंधित आधिकारिक अधिसूचित दिशा-निर्देशों को भी लोड किया गया है । इसके अलावा, ऐप उपयोगकर्ता 10 बुनियादी सुगम्यता सुविधाओं के बारे में जानने के लिए 'डिपार्टमेंट अपडेट' सेक्शन के तहत अपलोड किये गए एक गाइड बुक 'एक्सेस - द फोटो डाइजेस्ट' का भी संदर्भ ले सकता है।